दिनॉक: अक्टूबर 26, 2019

प्रेस नोट

एकीकृत आपात सेवा 112 एवं वरिष्ठ नागरिक सुरक्षा पहल 'सवेरा' का शुभारम्भ

दिनांक 26.10.2019 को माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश श्री योगी आदित्यनाथ द्वारा एकीकृत आपात सेवा 112 एवं वरिष्ठ नागरिक सुरक्षा पहल 'सवेरा' का शुभारम्भ किया गया।

शांति, सुरक्षा, कानून का राज स्थापित करने में राज्य पुलिस बल की सर्वाधिक भूमिका होती है। देश के सबसे बड़े राज्य, सबसे बड़े पुलिस बल के आधुनिकीकरण के साथ-साथ एक विशेष प्रकार की विशिष्ट पहल की बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका है। तकनीक का बेहतर उपयोग करते हुए मानवीय संवेदना के साथ पेशेवर दक्षता से आम जन के विश्वास को अर्जित करने में सफल हो सकते हैं।

- मुख्यमंत्री,उत्तर प्रदेश

राष्ट्रव्यापी आपातकालीन सेवा अंतर्गत एक मात्र नम्बर 112 द्वारा पुलिस, फायर, एम्बुलेन्स, महिला हेल्पलाइन,आपदा राहत की सुविधा प्राप्त की जा सकेगी।

हमारा प्रयास है कि Technology का प्रयोग कर हम नागरिकों की बेहतर सेवा करें और पुलिसकर्मियों के लिए काम आसान लेकिन सुव्यवस्थित करें। वरिष्ठ नागरिक पंजीकरण करा कर बेहतर सेवाएँ पाएँ।

-पुलिस महानिदेशक उ0प्र0

असीम अरुण, अपर पुलिस महानिदेशक 112, ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से 112 आपात सेवा की उन्नत तकनीक, बेहतर प्रक्रिया एवं संयुक्त कार्रवाई की जानकारी दी। उन्होंने बताया की वर्ष 2012 में दुबई में आयोजित हुई वर्ल्ड कांफ्रेंस ऑन इंटरनेशनल टेलीकम्यूनिकेशन में यह संकल्प लिया गया कि विश्वस्तर पर प्रचलित आपातकालीन सेवा नंबर को अपनाना चाहिए। उसी दौरान दिल्ली में हुए निर्भया काण्ड के पश्चात् जस्टिस जे0एस0 वर्मा समिति ने पूरे देश में आपातकालीन सेवा के एक नंबर

को अपनाने की संस्तुति दी। अगस्त 2015 में भारत सरकार ने 112 न0 को राष्ट्रीय स्तर पर लागू करने का निर्णय लिया।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाली पीआरवी 1850 के कमाण्डर राजेन्द्र सिंह, सब-कमाण्डर वितेन्द्र कुमार,पायलट संजीव कुमार व पीआरवी 1877 के कमाण्डर राकेश कुमार यादव, सब-कमाण्डर अरविन्द प्रताप सिंह तथा सम्प्रेषण अधिकारी शम्मी यादव व अपर्णा चौहान तथा संवाद अधिकारी प्रिया कश्यप व उर्मिला जोशी को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

इसके अतिरिक्त, सवेरा पहल के अंतर्गत 112 भवन मे लगे पंजीकरण शिविर में 100 से अधिक वरिष्ठ नागरिकों का पंजीकरण किया गया।

मुख्यमंत्री ने स्वयं किया पहला पंजीकरण:

87 वर्षीय श्री चंद्र किशोर रस्तोगी बने पहले पंजीकृत वरिष्ठ नागरिक।

कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों हेतु आस्था हॉस्पिटल द्वारा स्वास्थ्य जाँच शिविर आयोजित किया गया जिसमे रक्त जॉच, ईसीजी, बीएमडी, रक्तचाप, शुगर, हीमोग्लोबिन आदि की जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई। इस कैम्प का संचालन डॉ अभिषेक शुक्ल व डॉ वी.के. कपूर (कार्डियोलॉजिस्ट) द्वारा

किया गया। डॉ इंदु सुभाष और उनकी संस्था गोल्डन ऐज हेल्पलाइन ने पुलिस 112 के साथ मिलकर आगे भी कार्य करने पर सहमती दी।

इस अवसर पर श्री चेतन चौहान सैनिक कल्याण,होमगार्ड व नागरिक सुरक्षा, महापौर लखनऊ श्रीमती संयुक्ता भाटिया, श्री देवेश चतुर्वेदी प्रमुख सचिव (चिकित्सा,स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण), पूर्व पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 श्री सुलखान सिंह अध्यक्ष पुलिस सुधार आदि गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

समारोह का समापन श्रीमती शालिनी, पुलिस अधीक्षक (प्रशासन) के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।

-असीम अरुण,

ADG, 112

Photo link: https://drive.google.com/open?id=1FVzwylOfJ7_9X8uKQc6b4CXIMWH2TCzX